भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
02.08.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2206 का उत्तर

रेलगाड़ियों का पुनर्संचालन

2206. श्री अक्षयवर लाल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार द्वारा गाड़ी संख्या 14213, वाराणसी-बहराइच इंटरसिटी एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 14214, बहराइच-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन कई बार स्थगित किया जा चुका है जिसके कारण बहराइच जिले में आम जनता में आक्रोश है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या केन्द्र सरकार का उक्त रेलगाड़ी को पुनर्संचालित करने का विचार है;
(घ) यदि हां, तो इसे कब तक पुनर्संचालित किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ङ) बहराइच और आस-पास के जिलों के आमजन को हो रही कठिनाइयों के बावजूद उक्त रेलगाड़ी का पुनर्संचालन न किए जाने के क्या कारण हैं; और
(च) इस तथ्य के बावजूद कि बहराइच रेलवे स्टेशन से वर्तमान में कोई सीधी रेलगाड़ी नहीं है जनहित में उपरोक्त रेलगाड़ी का पुनर्संचालन न किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): भारतीय रेल का निरंतर यह प्रयास रहता है कि गाड़ी सेवाओं का परिचालन उनकी निर्धारित समय-सारणी के अनुसार किया जाए। बहरहाल, विकास और अवसंरचना कार्य करने और कोहरे और भारी वर्षा आदि जैसे खराब मौसम की स्थिति के दौरान परिचालन की संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी, गाड़ी सेवाएं प्रभावित हो जाती हैं। इन कारणों से, 14213/14 वाराणसी-बहराइच एक्सप्रेस की सेवाएं कभी-कभी प्रभावित हुई हैं। वाराणसी के लिए यात्रा करने वाले बहराईच के यात्रियों की सुविधा के लिए, उपयुक्त कनेक्टिंग गाड़ी अर्थात 05132 बहराइच-गोरखपुर स्पेशल/15131 गोरखपुर-वाराणसी एक्सप्रेस अन्य दिशा में, 15132 वाराणसी-गोरखपुर एक्सप्रेस/05131 गोरखपुर-बहराइच स्पेशल गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है।

*****